# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2025-2026)

**कक्षा : VI** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 2:30 घंटे** **पूर्णांक: 60**

---

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

---

## खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

मनुष्य प्राचीन काल से ही काँच का प्रयोग करता आ रहा है। करीब 1800 वर्ष पूर्व एक इतिहासकार द्वारा लिखी गई काँच के आविष्कार की कहानी प्रचलित है। कहानी के अनुसार एक व्यापारी अशुद्ध सोडा जहाज़ में लादकर ले जा रहा था। एक रात समुद्र के किनारे बालू तट पर रुककर यात्रियों ने अशुद्ध सोडे के ढेलों से चूल्हा बनाकर आग जलाई। कहते हैं आग की गर्मी से सोडा गलकर बालू में मिल गया और इससे काँच बन गया। इस कहानी में कितनी सच्चाई है यह पता करना मुश्किल है। पर इससे इतना अवश्य पता चलता है कि काँच का आविष्कार किसी प्रयोगशाला में न होकर रोज़मर्रा की एक घटना से हुआ होगा।

i. मनुष्य काँच का प्रयोग कब से करता आ रहा है? 1

क. आधुनिक काल से

ख. भविष्य काल से

ग. वर्तमान काल से

घ. प्राचीन काल से

ii. प्रचलित कहानी के अनुसार काँच की खोज कैसे हुई? 1

क. जानबुझ कर

ख. अनजाने में

ग. प्रयास करके

घ. खेल-खेल में

iii. आग की गर्मी ने सोडे के साथ क्या किया? 1

iv. यह किस आधार पर कहा जा सकता है कि काँच का आविष्कार किसी रोज़मर्रा की घटना से हुआ होगा? लिखिए। 2

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

हर वस्तु हमें सिखाती है,
यदि सीखना चाहे हम,
हर प्राणी में एक शीशा है,
यदि देखना चाहे हम,
फल देकर पेड़ सिखाते,
स्वार्थहीन बन जाओ,
सूरज की किरणें सिखाती,
समय से जगो और जगाओ,
संत-महात्मा हमें सिखाते,
दुखियों को तुम गले लगाओ

i. हर वस्तु हमें तब सिखाती है जब सीखने की _______ हो। 1

क. मजबूरी

ख. मनाही

ग. इच्छा

घ. ज़रूरत

ii. स्वार्थहीन बनना कौन सिखाता है? 1

क. फल

ख. पत्ते

ग. पेड़

घ. डाली

iii. सूरज की किरणें हमें क्या सिखाती हैं? 1

iv. कविता में वर्णित कौन-सी एक अच्छी आदत आप अपनाना चाहेंगे और क्यों? 2

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (10x1=10)

i. 'उठना और बैठना' को योजक की सहायता से लिखिए।

ii. 'संध्या' का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

iii. मास में एक बार होने वाला - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

मिलान कीजिए

| | |
|---|---|
| iv. विशेषण | हमारा |
| v. संज्ञा | वीरता |
| vi. सर्वनाम | कायर |

vii. मैंने ________ मानचित्र खरीदे थे। (रिक्त स्थान पर संख्यावाचक विशेषण लिखिए।)

viii. ________ न समाना। (उचित शब्द लिख कर मुहावरा पूरा कीजिए।)

ix. पानी फर्श पर __________ । (उचित क्रिया शब्द लिख कर वाक्य पूरा कीजिए।)

x. आसमान का समानार्थी शब्द 'अंबर' है। (सही / ग़लत)

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 4. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए। (4x1=4)

एक समय मेरे पिताजी दीवानी मुकदमे में किसी पर दावा करके वकील से कह गए थे कि जो काम हो वह मुझसे करा लें। कुछ आवश्यकता पड़ने पर वकील साहब ने मुझे बुला भेजा और कहा कि मैं पिताजी के हस्ताक्षर वकालतनामे पर कर दूँ। मैंने तुरंत उत्तर दिया कि यह तो धर्म विरुद्ध होगा, इस प्रकार का पाप मैं कदापि नहीं कर सकता। वकील साहब ने बहुत समझाया कि मुकदमा खारिज हो जाएगा। किंतु मुझ पर कुछ भी प्रभाव न हुआ, न मैंने हस्ताक्षर किए। अपने जीवन में हमेशा सत्य का आचरण करता था, चाहे कुछ हो जाए, सत्य बात कह देता था।

i. मुकदमे का संबंध होता है -

क. अस्पताल से

ख. विद्यालय से

ग. रेलवे स्टेशन से

घ. कोर्ट-कचहरी से

ii. वकील साहब को लेखक से हस्ताक्षर कराने की आवश्यकता किसकी अनुपस्थिति में पड़ी?

क. माताजी की

ख. पिताजी की

ग. दादीजी की

घ. दादाजी की

iii. किसी और के हस्ताक्षर स्वयं करना लेखक के लिए ________ के समान था।

क. पाप

ख. पुण्य

ग. भलाई

घ. प्रशंसा

iv. लेखक ने जीवनभर किस तरह का आचरण किया?

क. सत्य बोलने का

ख. झूठ बोलने का

ग. धोखा देने का

घ. अनादर करने का

प्रश्न 5. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित लघु-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **<u>किन्हीं दो</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x2=4)

क. खड्गसिंह की कही किस बात ने बाबा भारती को भयभीत कर दिया था?

ख. रामप्रसाद बिस्मिल की कहाँ जाने की इच्छा थी? उनके जाने के पक्ष में कौन था?

ग. ध्यानचंद किन्हें अपनी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र मानते हैं?

प्रश्न 6. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **<u>किन्हीं दो</u>** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

क. किस खेल भावना के कारण ध्यानचंद ने दुनिया के खेल प्रेमियों का दिल जीता? अपने शब्दों में लिखिए।

ख. बाबा भारती के 'सुलतान' की तरह यदि कोई आपकी प्रिय वस्तु छीन कर ले जाए तो आप क्या कदम उठाएँगे? विचार करते हुए लिखिए।

ग. बिस्मिल को साहसी बनाने में उनकी माता जी ने कैसे सहयोग दिया? दो बिंदुओं में लिखिए।

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए। (4x1=4)

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अँगड़ाई।

धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि-सी,
हरी दूब पुलकी-मुसकाई।

i. प्रस्तुत पद्यांश में वर्णन है -

क. शरद ऋतु का

ख. शीत ऋतु का

ग. ग्रीष्म ऋतु का

घ. वर्षा ऋतु का

ii. 'अंकुर फूट पड़ा धरती से' पंक्ति में किसके अंकुरण की बात हो रही है?

क. पौधों के

ख. कीड़ों के

ग. नदी के

घ. कीचड़ के

iii. वर्षा की पहली बूँद धरती के सूखे अधरों को ________ कर देती है।

क. प्यासा

ख. बेचैन

ग. शीतल

घ. बेहाल

iv. 'वसुंधरा' शब्द का अर्थ है -

क. खेत

ख. जंगल

ग. आकाश

घ. धरती

प्रश्न 8. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित लघु-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x2=4)

क. बूढ़ी धरती के शस्य-श्यामला बनने का क्या अर्थ है?

ख. 'मातृभूमि' कविता में कोयल किसे पुकार रही होगी और क्यों? सोचकर लिखिए।

ग. रहीम बड़े लोगों को देखकर क्या न करने की सलाह देते हैं?

प्रश्न 9. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

क. रहीम ने पेड़ और सरोवर की तुलना सज्जन व्यक्ति से क्यों की है? विचार करते हुए लिखिए।

ख. बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है? दो पंक्तियों में लिखिए।

ग. 'मातृभूमि' कविता में प्रकृति की सुंदरता का वर्णन किस प्रकार किया गया है? दो उदाहरण लिखिए।

## खंड घ (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1x6=6)

क. आप कुछ सामान ख़रीदने के लिए साइकिल से बाज़ार गए थे। सामान ख़रीदते समय आपकी साइकिल चोरी हो गई। शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

ख. दादाजी को आने वाली सर्दियों में दिल्ली आने का निमंत्रण देते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (1x6=6)

क. स्कूल पिकनिक का अनुभव

ख. समय किसी के लिए नहीं रुकता

ग. विद्यालय का पुस्तकालय